purpose of providing cheaper and better service on branch lines which have low density of traffic. A limited number are planned for acquisition and if successful, larger numbers are proposed to be acquired.

(b) Parts of Delhi-Howrah, Delhi-Bombay Central and Delhi-Madras routes are fit for running high speed trains having a maximum permissible speed of more than 120 kmph.

(c) There is no proposal to run rail buses on long distance routes.

रेलवे के माध्यम से बिक्रीकर की अपवंचना के कारण राजस्व की हानि

394. **श्री रामगोपाल यादव:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि रेलवे द्वारा माल भेजकर की जा रही बिक्री कर की अपवंचना के कारण उत्तर प्रदेश सरकार को लगभग 300 करोड़ रुपये प्रतिवर्ष की राजस्व की हानि हो रही है;

(ख) क्या उत्तर प्रदेश के वर्तमान तथा भूतपूर्व मुख्य मंत्रियों ने इस संबंध में रेल मंत्री को कोई पत्र लिखे हैं; और

(ग) यदि हां, तो इस मामले में क्या कार्यवाही की गई है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन): (क) और (ख) रेल द्वारा बुक किये गये माल पर बिक्री कर की अपवंचना के संबंध में उत्तर प्रदेश के वर्तमान और पूर्ववर्ती मुख्य मंत्रियों से पत्र प्राप्त हुए थे, वास्तविक हानि के आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं।

(ग) यद्यपि रेल द्वारा बुक किये गये माल की बुकिंग और सुपुर्दगी के समय बिक्री कर की क्लियरेंस पर बल देना व्यावहारिक रूप से उचित नहीं समझा गया था फिर भी रेलों को अनुदेश हैं कि वे अग्रेषक नोट और अन्य कागजातों से सूचना सुलभ कराने में बिक्री कर अधिकारियों को यथा संभव सहयोग करें. सिटी बुकिंग एजेंटों और आउट एजेंटों को यह सुनिश्चित करने के अनुदेश हैं कि परेषणों के पूर्ण विवरण सहित उनके नाम और पते अग्रेषक नोट में विधिवत भरे जाएं और बुकिंग के लिए परेषण स्वीकार करने से पहले उसकी जांच की जाए।

राजधानी एक्सप्रैस गाड़ियों से राजस्व की आय

395. **श्री शंकर दयाल सिंह:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत छः महीनों के दौरान दिल्ली और मुम्बई और दिल्ली और हावड़ा के बीच चलने वाली राजधानी एक्सप्रैस गाड़ियों से कितनी आमदनी हुई तथा कितने यात्रियों ने इनसे यात्रा की;

(ख) क्या सरकार अन्य मार्गों पर भी राजधानी एक्सप्रैस चालू करने का विचार रखती है; और

(ग) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन): (क) मई से अक्तूबर 1992 तक छः महीने की अवधि के दौरान राजधानी एक्सप्रैस गाड़ियों में बुक किए गए यात्रियों की संख्या और अर्जित राजस्व के आंकड़े नीचे दिए गए हैं:—

	यात्रियों की सं०	आमदनी
		(रु०)
2301/2302 नई दिल्ली-हावड़ा राजधानी एक्सप्रेस गाड़ियां	2.83 लाख	17.00 करोड़
2951/2952 नई दिल्ली-बम्बई सेंट्रल राजधानी एक्सप्रैस गाड़ियां	3.22 लाख	23.00 करोड़

(ख) और (ग) निजामुद्दीन और सिकंदराबाद-बैंगलूर सिटी के बीच 01.11.92 से सप्ताह में एक दिन चलने वाली राजधानी एक्सप्रैस चलाई गई है. मद्रास सेंट्रल के लिए भी एक ऐसी ही गाड़ी चलाने की योजना है बनायी जा रही है।

रेलगाड़ियों की दुर्घटनायें

396. **श्री राम नरेश यादव:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले तीन महीने के दौरान देश के विभिन्न भागों में सुपरफास्ट/एक्सप्रैस पैसेंजर गाड़ियों की कितनी दुर्घटना हुई; इनकी विस्तृत जानकारी क्या है;